## प्रादेशिक समाचार

### दिनांक– 29.11.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में रायपुर में 60वें अखिल भारतीय डीजीपी–आईजीपी सम्मेलन जारी, आंतरिक सुरक्षा, आतंकवाद–निरोध, महिला सुरक्षा और पुलिस नवाचार पर चर्चा जारी।

2. जनजातीय मामलों के केन्द्रीय मंत्री जुएल ओराम आज रांची में, धरती आबा संग्रहालय का करेंगे उद्‌घाटन, भगवान बिरसा मुंडा पर लिखित पुस्तक का करेंगे लोकार्पण।

3. प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने खनिज संपदा की रक्षा को बताया सामूहिक जिम्मेदारी, हेमंत सरकार पार्ट–2 के एक साल पर पार्टी ने जारी किया आरोप पत्र।

4. राज्य में आपकी सरकार–आपके द्वार के तहत चला सेवा का अधिकार सप्ताह संपन्न, करीब साढ़े बारह लाख आये आवेदन, साढ़े पांच लाख निष्पादित ।

5. रांची में कल होने वाले भारत– दक्षिण अफ्रीका मैच को लेकर टीम इंडिया के खिलाड़ी अब से थोड़ी देर बाद अभ्यास के लिए फिर उतरेंगे मैदान में, दिन के साढ़े दस बजे से दर्शकों को मिलेगा स्टेडियम में प्रवेश।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज छत्तीसगढ़ में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे हैं। इसमें आंतरिक सुरक्षा, आतंकवाददृनिरोध, महिला सुरक्षा और पुलिस नवाचार पर चर्चा हो रही है।

*****************

धरती आबा बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर रांची के बरियातू स्थित आरोग्य भवन में आज दोपहर दो बजे धरती आबा संग्रहालय का उद्‌घाटन और क्रांति नायक धरती आबा बिरसा मुंडा पुस्तक का लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय जनजातीय कार्यमंत्री जुएल उरांव और विशिष्ट अतिथि के रुप में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष और पद्‌मभूषण राम बहादुर राय करेंगे। कार्यक्रम में विकास भारती के सचिव और पद्‌मश्री अशोक भगत उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम रांची के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और विकास भारती विशुनपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया है।

*****************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हाल ही में कहा है कि राज्य की खनिज संपदा की रक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिस पर सभी को मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से सत्तारूढ़ झामुमो सरकार पर अवैध खनन को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। इस पर झामुमो ने पलटवार किया है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक पोस्ट कर झामुमो ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को अपने नेताओं के बारे में भी राज्य की जनता को बताना चाहिए।

*****************

झारखंड भाजपा ने हेमंत सोरेन सरकार 2.0 के एक साल पूरे होने पर आज आरोप पत्र जारी किया। इस कार्यक्रम में बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, संगठन महामंत्री कर्मवीर, और विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल मौजूद रहे। आरोप पत्र का शीर्षक बर्बादी के छह साल बनाया गया है। श्री मरांडी ने आरोप पत्र जारी करते हुए आरोप लगाया कि हेमंत सरकार ने चुनाव पूर्व जितने भी वादे किये हैं , वे पूरे नहीं हुए हैं।

*****************

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने आरोप लगाया है कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को झुकाने के लिए केन्द्र सरकार आर्थिक दबाव बना रही है। श्री तिर्की ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में सरना धर्म कोड लागू नहीं करने के लिए भी केन्द्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने इस मुद्दे पर आंदोलन तेज करने

की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में आज और कल दिल्ली में आदिवासी संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलायी गयी है।

*****************

राज्य सरकार द्वारा आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के तहत 21 नवंबर से शुरु किये गये सेवा अधिकार सप्ताह का समापन हो गया है। 28 नवंबर तक चले इस अभियान के तहत साढे 12 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से करीब साढ़े पांच लाख आवेदनों का निष्पादन हो चुका है। शेष पर कार्रवाई चल रही है। मिली जानकारी के अनुसार सर्वाधिक सात लाख 19 हजार 910 आवेदन लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आये हैं। वहीं वृद्धा पेंशन के लिए भी एक लाख से अधिक लोगों ने आवेदन दिया है। एक सप्ताह में 5 हजार 226 कैंप लगाकर आवेदन लिये गये हैं।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 128वीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम को पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चौनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी से हिंदी में प्रसारण के बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

*****************

साहिबगंज जिले में अमृत महोत्सव के तहत अमृत सरोवर के निर्माण से रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। इसका लाभ स्थानीय लोगों को मिल रहा है।

*****************

रांची सर्राफा बाजार में आज 22 कैरट सोने का भाव एक लाख 19 हजार 400 रूपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी एक लाख 75 हजार रूपये प्रतिकिलो है।

*****************

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज कल से शुरु हो रहा है। पहला मुकाबला रांची के जेएससीए स्टेडियम में दिन के डेढ़ बजे से होगा। मैच में करीब 30 हजार दर्शकों के पहुंचने की संभावना है। दर्शकों को दिन के साढ़े दस बजे से स्टेडिमय में प्रवेश दिया जायेगा। इधर, दोनों टीमों के खिलाड़ी इस महामुकाबले के लिए तैयार है।द9ोनो टीमें आज भी अभ्यास सत्र में हिस्सा लेंगे। अब से थोड़ी देर बाद टीम इंडिया के खिलाड़ी मैदान में उतरेंगे और शाम साढ़े चार बजे तक नेट प्रैक्टिस करेंगे। फिलहाल टीम इंडिया की ओर से एक प्रेस कांफ्रेंस किया जा रहा है, जिसमें खेल तैयारियों की जानकारी दी जा रही है। शाम साढ़े पांच बजे से रात साढ़े आठ बजे तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी भी अभ्यास करेंगे। शाम पांच बजे दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी भी मीडिया से मुखातिब होंगे।

*****************

इधर, मैच को लेकर रांची पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था के सुचारु संचालन के लिए भी कई एहतियाती कदम उठाये गये हैं।

*****************

69वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड की 21 सदस्यीय स्कूली कुश्ती टीम रांची से उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हो गयी है। कल से चार दिसंबर तक गोरखपुर में यह प्रतियोगिता होगी।

*****************